10. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए : **2 × 5 = 10**

(क) भदन्त आनन्द कौसल्यायन ने संस्कृत व्यक्ति किसे कहा है ?

(ख) पठित पाठ से दो उदाहरण ऐसे दीजिए, जिनसे पता चले कि बिस्मिल्ला खाँ मुहर्रम से गहरा जुड़ाव रखते थे ।

(ग) संगीत के प्रति बिस्मिल्ला खाँ के गहरे लगाव के दो उदाहरण दीजिए ।

(घ) मन्नू भंडारी शीला अग्रवाल से क्यों प्रभावित थी ?

(ङ) द्विवेदी जी ने स्त्री शिक्षा के समर्थन में क्या तर्क दिए हैं ? दो का उल्लेख कीजिए ।

11. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**

नाथ संभुधनु भंजनिहारा । होइहि केउ एक दास तुम्हारा ।
आयसु काह कहिअ किन मोही । सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही ।
सेवकु सो जो करै सेवकाई । अरि करनी करि करिअ लराई ।।
सुनहु राम जेहिं सिवधनु तोरा । सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ।।
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा । न त मारे जैहहिं सब राजा ।।

(क) राम की विनम्रता और परशुराम की उत्तेजना किन शब्दों में दिखाई देती है ? स्पष्ट कीजिए ।

(ख) परशुराम ने क्या चेतावनी दी और क्यों ?

(ग) सेवक का क्या लक्षण बताया गया है ?

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : **2 × 5 = 10**

(क) 'छाया मत छूना' गीत में मृगतृष्णा किसे कहा है और क्यों ?

(ख) आपके परिवार में आपके दादा-दादी या अन्य बड़े-बूढ़े जब बहकने लगें तो आप संगतकार की तरह कैसे मदद कर सकते हैं ?

(ग) पठित पाठ के आधार पर लक्ष्मण के चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(घ) 'छाया मत छूना' में कवि 'छाया' किसे कहता है और उसे छूने से मना क्यों करता है ?

(ङ) 'कन्यादान' कविता में स्त्री जीवन के प्रति संवेदना कैसे व्यक्त की गई है ?

13. गंगतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा जाता है ? किसी मेहनतकश को बादशाह मानने में निहित मानवीय मूल्यों का उल्लेख कीजिए । **5**

## खंड 'घ'

14. किसी कारण आपके पिताजी आपसे रुष्ट हैं, उन्हें मनाने के लिए पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

आपके क्षेत्रीय पार्क में आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं उन्हें पकड़ने के लिए नगर निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखिए ।

